Bal Bharati
PUBLIC SCHOOL
LUDHIANA

**नाम-** ____________________ **कक्षा-III** **दिनाँक-7.3.2025**

**रोल नं०-** _____ **वार्षिक परीक्षा (2024-2025)** **कुलांक-50**

**समय अवधि- 2.5घंटे** **विषय-हिंदी**

**भाग-क**

**क) गद्यांश पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दें-** **(5)**

एक दिन सपना और उसकी सहेली मंदिर जा रहीं थीं। रास्ते में उन्हें एक फूल बेचने वाली लड़की मिली, जो दस साल की थी। उसने दोनों सहेलियों को रोककर कहा - "दीदी, मंदिर में भगवान को फूल चढ़ाने के लिए ले लो।" भगवान खुश हो जाएँगे। सपना बोली, " हाँ, हम फूल ले लेंगे पर यह तो बताओ कि तुम पढ़ाई-लिखाई छोड़कर फूल क्यों बेचती हो?" फूल वाली छोटी लड़की ने कहा, "मैं गरीब हूँ। मेरी माँ बहुत बीमार है। उसे ठीक कराने के लिए मुझे पैसे चाहिए।"

1. एक दिन सपना कहाँ जा रही थी?
2. फूल वाली लड़की कितने साल की थी?
3. किसकी माँ बहुत बीमार थी?
4. **'लड़कियाँ'** शब्द का **एकवचन** गद्यांश से ढूँढकर लिखें।
5. फूल वाली छोटी लड़की बहुत गरीब थी। **(सही या गलत)**

**ख) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें-** **(3)**

1. जो मांस खाता हो - ________________________________
2. जो दूसरों की हत्या करता हो - ________________________________
3. सोने-चाँदी के गहने बनाने वाला - ________________________________

**ग) लिंग बदलो-** **(3)**

1.बाग- __________________, 2.माली- ____________________, 3.श्रीमान- __________________

**घ) दो-दो समानार्थी शब्द लिखें-** **(2)**

1. हाथी - __________________ , __________________
2. कपड़ा - __________________ , __________________

**ड.) गिनती को शब्दों में लिखें-** **(3)**

**1.** 33 - _________________ **2.** 49 - _________________ **3.** 24 - _________________



Scanned with OKEN Scanner

**च) उचित 'विशेषण' शब्द भरें-** **(2)**

1. मेरी बहन बहुत ________________ है।
2. नदी का पानी ________________ है।

**छ) विशेषण' शब्द <u>रेखांकित</u> करें-** **(2)**

1. रमन ने पीला फूल तोड़ा।
2. सीमा ने समझदारी से काम लिया।
3. मेरी कक्षा में चालीस बच्चे हैं।
4. चाचा जी ने कार में पाँच लीटर तेल भरवाया।

## <u>भाग-ख</u>

**ज) सही विकल्प चुनें-** **(5)**

1. चामुंडेश्वरी मंदिर की इमारत कितनी मंज़िला है?

   तीन मंज़िला ( ) सात मंज़िला ( ) नौ मंज़िला ( )
2. सचिन की क्षमता को पहली बार किसने पहचाना?

   भाई अजीत ने ( ) दादा जी ने ( ) पिता जी ने ( )
3. मैना किसकी मदद करना चाहती थी?

   तोते की ( ) बंदर की ( ) लोमड़ी की ( )
4. राजा पांडु के कितने पुत्र थे?

   सात ( ) पाँच ( ) दस ( )
5. अनन्या पत्र किसे लिख रही है?

   अवनी को ( ) शिवम को ( ) मेघा को ( )

**झ) सही शब्दों पर गोला लगाएँ-** **(3)**

1. सींघासन सिंहासन सिंहघासन
2. बेचारी बिचारी बैच्चारी
3. मन्नोनित मनोनीत मनौनित

**ञ) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखें-** **(3)**

1.विशेषता - ________________ 2. सम्मान - ________________ 3.विशाल - ________________

**ट) सही शब्द चुनकर खाली जगह भरें-** **(1)**

1. मैसूर में देश-विदेश से ________________ आते हैं। (**पर्यटक / कलाकृतियाँ**)
2. चामुंडेश्वरी मंदिर महिषासुर पर देवी की विजय का ________________ है। (**प्रतिमा / प्रतीक**)



Scanned with OKEN Scanner

**ठ) विलोम शब्द लिखें-** **(2)**

1. प्राचीन - ____________________ 2. संभव - ____________________

**ड) वाक्य बनाइए-** **(2)**

1. इमारत - ____________________________________________

2. परीक्षा - ____________________________________________

**ढ) उद्धरण पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें-** **(3)**

**"यहाँ दशहरे का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। उस दिन एक लंबा जुलूस निकलता है।"**

1. यह उद्धरण किस पाठ से लिया गया है?

**उत्तर-** ____________________________________________

2. 'यहाँ' शब्द किसके लिए प्रयोग किया गया है?

**उत्तर-** ____________________________________________

3. किस त्योहार पर लंबा जुलूस निकाला जाता है?

**उत्तर-** ____________________________________________

**ण) एक वाक्य में उत्तर दें-** **(1×3=3)**

1. मैसूर में कौन-सी भाषा बोली जाती है?
2. अंगूर पाने के लिए लोमड़ी ने क्या किया?
3. विश्व कीर्तिमानों की पुस्तक में सचिन का नाम कब शामिल हुआ?

**त) नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दें-** **(1.5×2=3)**

1. सचिन का नाम किसने और क्यों रखा था?
2. लोमड़ी ने मैना की मदद लेने से मना क्यों कर दिया?

## भाग-ग

**थ) रचनात्मक लेखन-- 'बैडमिंटन'** **(5)**

**संकेत** - लोकप्रिय खेल , दो या चार खिलाड़ी , एक शटल कॉक और बल्ला (रैकेट) , कोर्ट , एक नेट , अंपायर , प्रसिद्ध खिलाड़ी - साइना नेहवाल , पी० वी० सिंधु , पसंदीदा खेल।



Scanned with OKEN Scanner

Bal Bharati
PUBLIC SCHOOL
LUDHIANA

| | | |
|---|---|---|
| **नाम- ________________** | **कक्षा-III** | **दिनाँक-7.3.2025** |
| **रोल नं०- _____** | **वार्षिक परीक्षा (2024-2025)** | **कुलांक-50** |
| **समय अवधि- 2.5घंटे** | **उत्तर कुँजी** | **विषय-हिंदी** |

**भाग-क**

**क) गद्यांश पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दें-** **(5)**

एक दिन सपना और उसकी सहेली मंदिर जा रहीं थीं। रास्ते में उन्हें एक फूल बेचने वाली लड़की मिली, जो दस साल की थी। उसने दोनों सहेलियों को रोककर कहा - "दीदी, मंदिर में भगवान को फूल चढ़ाने के लिए ले लो।" भगवान खुश हो जाएँगे। सपना बोली, " हाँ, हम फूल ले लेंगे पर यह तो बताओ कि तुम पढ़ाई-लिखाई छोड़कर फूल क्यों बेचती हो?" फूल वाली छोटी लड़की ने कहा, "मैं गरीब हूँ। मेरी माँ बहुत बीमार है। उसे ठीक कराने के लिए मुझे पैसे चाहिए।"

1. एक दिन सपना कहाँ जा रही थी?

**उत्तर- एक दिन सपना मंदिर जा रही थी।**

2. फूल वाली लड़की कितने साल की थी?

**उत्तर- फूल वाली लड़की दस साल की थी।**

3. किसकी माँ बहुत बीमार थी?

**उत्तर- फूल वाली लड़की की माँ बहुत बीमार थी।**

4. **'लड़कियाँ'** शब्द का **एकवचन** गद्यांश से **ढूँढकर** लिखें।

**उत्तर- लड़की**

**5.** फूल वाली छोटी लड़की बहुत गरीब थी। **(सही या गलत)**

**उत्तर- सही**

**ख) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें-** **(3)**

**1.** जो मांस खाता हो - **मांसाहारी**

**2.** जो दूसरों की हत्या करता हो - **हत्यारा**

**3.** सोने-चाँदी के गहने बनाने वाला - **सुनार**

**ग) लिंग बदलो-** **(3)**

**1.**बाग- **बगिया** **2.**माली- **मालिन** **3.**श्रीमान- **श्रीमती**



Scanned with OKEN Scanner

**घ) दो-दो समानार्थी शब्द लिखें-** **(2)**

1. हाथी - **<u>गज, मतंग, कुंजर, गजराज</u>**
2. कपड़ा - **<u>चीर, पट, वसन, वस्त्र</u>**

**ड.) गिनती को शब्दों में लिखें-** **(3)**

1. 33 - **<u>तैंतीस</u>** 2. 49 - **<u>उनचास</u>** 3. 24 - **<u>चौबीस</u>**

**च) उचित 'विशेषण' शब्द भरें-** **(2)**

1. मेरी बहन बहुत **<u>शरारती, समझदार, चालाक, सुंदर, होनहार</u>** है।
2. नदी का पानी **<u>शीतल, ठंडा, साफ़, स्वच्छ, दूषित</u>** है।

**छ) विशेषण' शब्द <u>रेखांकित</u> करें-** **(2)**

1. रमन ने **<u>पीला</u>** फूल तोड़ा।
2. सीमा ने **<u>समझदारी</u>** से काम लिया।
3. मेरी कक्षा में **<u>चालीस</u>** बच्चे हैं।
4. चाचा जी ने कार में **<u>पाँच लीटर</u>** तेल भरवाया।

**<u>भाग-ख</u>**

**ज) सही विकल्प चुनें-** **(5)**

1. चामुंडेश्वरी मंदिर की इमारत कितनी मंज़िला है?
   तीन मंज़िला ( ) **<u>सात मंज़िला</u>** **( ✓ )** नौ मंज़िला ( )
2. सचिन की क्षमता को पहली बार किसने पहचाना?
   **<u>भाई अजीत ने</u>** **( ✓ )** दादा जी ने ( ) पिता जी ने ( )
3. मैना किसकी मदद करना चाहती थी?
   तोते की ( ) बंदर की ( ) **<u>लोमड़ी की</u>** **( ✓ )**
4. राजा पांडु के कितने पुत्र थे?
   सात ( ) **<u>पाँच</u>** **( ✓ )** दस ( )
5. अनन्या पत्र किसे लिख रही है?
   **<u>अवनी को</u>** **( ✓ )** शिवम को ( ) मेघा को ( )

**झ) सही शब्दों पर गोला लगाएँ-** **(3)**

1. सींघासन **<u>सिंहासन</u>** सिंहघासन
2. **<u>बेचारी</u>** बिचारी बैच्चारी
3. मन्नोनित **<u>मनोनीत</u>** मनौनित

**ञ) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखें-** **(3)**

1.विशेषता - **<u>खूबी</u>** 2. सम्मान - **<u>आदर</u>** 3.विशाल - **<u>बहुत बड़ा</u>**



Scanned with OKEN Scanner

**ट) सही शब्द चुनकर खाली जगह भरें-** **(1)**

1. मैसूर में देश-विदेश से **पर्यटक** आते हैं। (**पर्यटक / कलाकृतियाँ**)
2. चामुंडेश्वरी मंदिर महिषासुर पर देवी की विजय का **प्रतीक** है। (**प्रतिमा / प्रतीक**)

**ठ) विलोम शब्द लिखें-** **(2)**

1. प्राचीन - **नवीन** 2. संभव - **असंभव**

**ड) वाक्य बनाइए-** **(2)**

1. इमारत - **ताजमहल की इमारत बहुत सुंदर है।**
2. परीक्षा - **हमारी परीक्षा के दिन निकट आने वाले हैं।**

**ढ) उद्धरण पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें-** **(3)**

**"यहाँ दशहरे का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। उस दिन एक लंबा जुलूस निकलता है।"**

1. यह उद्धरण किस पाठ से लिया गया है?

**उत्तर- यह उद्धरण 'मैसूर की सैर' पाठ से लिया गया है।**

2. 'यहाँ' शब्द किसके लिए प्रयोग किया गया है?

**उत्तर- यहाँ शब्द मैसूर के लिए प्रयोग किया गया है।**

3. किस त्योहार पर लंबा जुलूस निकाला जाता है?

**उत्तर- दशहरे के त्योहार पर लंबा जुलूस निकाला जाता है।**

**ण) एक वाक्य में उत्तर दें-** **(1×3=3)**

1. मैसूर में कौन-सी भाषा बोली जाती है?

**उत्तर- मैसूर में कन्नड़ भाषा बोली जाती है।**

2. अंगूर पाने के लिए लोमड़ी ने क्या किया?

**उत्तर- अंगूर पाने के लिए लोमड़ी ने छलाँगें मार-मार कर बहुत कोशिश की।**

3. विश्व कीर्तिमानों की पुस्तक में सचिन का नाम कब शामिल हुआ?

**उत्तर- जब सचिन ने अकेले ही 346 रन बनाए, तब सचिन का नाम विश्व कीर्तिमानों की पुस्तक में शामिल हुआ।**

**त) नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दें-** **(1.5×2=3)**

1. सचिन का नाम किसने और क्यों रखा था?

**उत्तर- सचिन का नाम उनके दादाजी ने, उस समय के मशहूर संगीतकार सचिन देव बर्मन के नाम पर रखा था।**



Scanned with OKEN Scanner

**2.** लोमड़ी ने मैना की मदद लेने से मना क्यों कर दिया?

**उत्तर-** **<u>लोमड़ी ने मैना से कहा- "मैं कोई बेचारी नहीं हूँ। मुझे तुम्हारी मदद नहीं चाहिए।"</u>**

## <u>भाग-ग</u>

**थ)** **<u>रचनात्मक लेखन</u>--** **'बैडमिंटन'** **(5)**

**<u>संकेत</u> -** लोकप्रिय खेल , दो या चार खिलाड़ी , एक शटल कॉक और बल्ला (रैकेट) , कोर्ट , एक नेट , अंपायर , प्रसिद्ध खिलाड़ी - साइना नेहवाल , पी० वी० सिंधु , पसंदीदा खेल।

**<u>(विद्यार्थीगण स्वयं करेंगे।)</u>**



Scanned with OKEN Scanner